नूंह स्थति लघु सचिवालय में नवनरि्मति दृश्यम कंट्रोल रूम का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2022 को हरयिाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह स्थति लघु सचिवालय में नवनरि्मति दृश्यम कंट्रोल रूम का उद्घाटन कयिा।

प्रमुख बदिु

- इस कंट्रोल रूम से ज़लि में आपराधकि गतविधियिों पर आसानी से नजर रखी जा सकेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि दृश्यम कंट्रोल रूम की मदद से पुलसि प्रशासन को काफी सहूलयित होगी। अब तीसरी आँख की ज़द में ज़लि की हर घटना रिकॉर्ड होगी।
- ज़लि में आपराधकि गतविधियिों पर नज़र रखने के लयि ज़लि के मुख्य चौक-चौराहों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में करीब 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की खास बात है कि 7 कमिी. तक दनि-रात ये कैमरे हर हरकत को कैद कर सकते हैं व 100 मीटर तक कसिी भी चीज़ को ज़ूम कर उसका सही आंकलन कयिा जा सकता है।
- नूंह ज़लि के एसपी वरुण संगिला ने बताया कि अभी तक 35 लाख रुपए की लागत इस हाईटेक दृश्यम केंद्र पर आई है। इस केंद्र में आठ एलईडी लगाई गई हैं। एक स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में तैनात पुलसि अधकिारी व कर्मचारी के साथ-साथ वे स्वयं भी अपने मोबाइल द्वारा नज़र रख सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-the-newly-built-visible-control-room-at-the-mini-secretariat-in-nuh